तापमान
अधिकतम 16.4 डिग्री
न्यूनतम 6.3 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 7 जनवरी 2026

11 शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए दो दिवसीय...



12 वीबी-जी रामजी योजना श्रमिकों के कल्याण की...



## खबर संक्षेप

### छेड़खानी की घटना में आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना सदर गोहाना की पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी करने की घटना मे संलिप्त आरोपित गांव खानपुर कलां निवासी कुलदीप पुत्र ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। 4 जनवरी को सोनीपत निवासी एक महिला ने थाना सदर गोहाना मे उसकी नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी करने की शिकायत दी थी। थाना सदर गोहाना की अनुसंधान टीम मे नियुक्त महिला उप निरिक्षक रितु ने अपनी पुलिस टीम के साथ नाबालिग के मजिस्ट्रेट के सामने कथन अंकित करवाकर महिला विशेषज्ञ व लीगल ऐड से काउंसलिंग करवाई। आरोपित को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### स्टेशन पर मिला बुजुर्ग भिखारी का शव

**गन्नौर।** भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही गन्नौर जीआरपी चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में बुजुर्ग की मौत हृदयाघात से होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 65 वर्ष है। उसका दाहिना पैर घुटने के पास से पहले से ही कटा हुआ था। बताया गया है कि बुजुर्ग स्टेशन और ट्रेनों में भीख मांगकर अपना गुजारा करता था। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल भेज दिया है। चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बहालगढ़ चौक पर जागरूकता अभियान



**सोनीपत।** सोनीपत में कोहरे के मौसम को ध्यान में रखते हुए थाना यातायात मुरथल प्रभारी निरीक्षक कर्मबीर और उनकी टीम ने बहालगढ़ चौक पर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान आमजन को सुरक्षित ड्राइविंग, नियमों का पालन और दुर्घटनाओं से बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। पुलिस टीम ने बताया कि यातायात नियम केवल कानून का हिस्सा नहीं, बल्कि स्वयं की और दूसरों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। अभियान के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। कोहरे के मद्देनज़र सड़क सुरक्षा के तहत एक विशेष पहल करते हुए ट्रैफिक पुलिस टीम ने शुगर मिल क्षेत्र में ट्रैक्टर–ट्रॉली चालकों के वाहनों पर निःशुल्क रिफ्लेक्टर टेप लगाई।

**सोनीपत में अंतरराज्यीय अपराध नियंत्रण को लेकर समन्वय बैठक: संयुक्त कार्रवाई और इंटेलिजेंस शेयरिंग पर बनी सहमति**

# नशा, अवैध हथियार व कॉन्ट्राबैंड की इंटर-स्टेट तस्करी को रोकने के लिए बनेगा तंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत में एनसीआर और सीमावर्ती जिलों/राज्यों में बढ़ते अंतरराज्यीय अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, इंटेलिजेंस शेयरिंग को सुदृढ़ करने तथा समन्वित पुलिस कार्रवाई को मजबूत बनाने के उद्देश्य से इंटर-स्टेट एवं इंटर-डिस्ट्रिक्ट क्राइम कोऑर्डिनेशन मीटिंग का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह ने की। यह बैठक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, राई (एनएच-44) जिला सोनीपत में सुबह 11 बजे आयोजित की गई। बैठक में दिल्ली, उप्र तथा हरियाणा के झज्जर, रोहतक, जींद, पानीपत सहित कई जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, क्राइम ब्रांच, आईबी और सीआईडी यूनिट्स के अधिकारी शामिल रहे। बैठक में नशा तस्करी, अवैध हथियारों और कॉन्ट्राबैंड की इंटर-स्टेट तस्करी को रोकने के लिए संयुक्त निगरानी एवं जॉइंट सर्विलांस को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। संवेदनशील मार्गों और सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने और संगठित अपराध नेटवर्क के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई करने पर सहमति बनी। जॉइंट ट्रेनिंग एवं कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम्स पर भी सहमति जताई गई।



**ये रहे मौजूद:** मौके पर एडीजीपी करनाल रेंज माटा रवि किरण, पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार, जॉइंट कमिश्नर नॉर्थ रेंज दिल्ली विजय सिंह, अडिशनल जॉइंट कमिश्नर रोहिणी राजीव रंजन, डीसीपी आउटर नार्थ दिल्ली हरेश्वर स्वामी, डीसीपी ईस्ट जोन एवं मुख्यालय सोनीपत प्रबीना पी, डीसीपी क्राइम सोनीपत नरेन्द्र कादयान, डीसीपी वेस्ट सोनीपत कुशल पाल सिंह, डीसीपी क्राइम झज्जर अमित दहिया, अडिशनल एसपी जींद सोनाक्षी, डीएसपी विजय बागपत (उप्र पुलिस) और एसएचओ थाना कंझावला दिल्ली इंस्पेक्टर सुरेन्द्र मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**कई महत्वपूर्ण निर्णय :** बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें संवेदनशील स्थानों पर संयुक्त ऑपरेशन, रीयल-टाइम इंटेलिजेंस शेयरिंग, मासिक क्राइम डेटा एक्सचेंज, क्वार्टरली क्राइम एनालिसिस, पोओ एवं कुख्यात अपराधियों की सूचियों का नियमित आदान-प्रदान, मिसिंग पर्सन्स डेटा की आधिकारिक चैनलों से साझेदारी, अवैध हथियारों के विरुद्ध विशेष संयुक्त अभियान और साइबर क्राइम सेल्स के माध्यम से तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना शामिल रहा।

**अवैध शराब पर अंकुश लगाने के प्रयास**

अवैध शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए सोर्स-लेवल इंटेलिजेंस को मजबूत करने, सीमा क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने और संयुक्त छापामार कार्रवाई को बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। अवैध विदेशी नागरिकों की पहचान के लिए साइबर सर्विलांस, डिजिटल फुटप्रिंट और वित्तीय लेनदेन मॉनिटरिंग की मजबूती पर जोर दिया। साइबर और इंटेलिजेंस यूनिट्स के बीच बेहतर समन्वय विकसित करने का निर्णय लिया गया।

**सूचना साझेदारी पर विचार**

बैठक में ड्रोन तथा अनमैन्ड व्हीकल्स के दुरुपयोग की रोकथाम, संवेदनशील इलाकों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में सतर्कता, संदिग्ध ड्रोन गतिविधियों पर त्वरित सूचना साझेदारी जैसे बिंदुओं पर भी गंभीरता से विचार किया गया। टेरर-रिलेटेड इंटेलिजेंस शेयरिंग, स्लीपर सेल से जुड़ी सूचना पर तुरंत कार्रवाई तथा इंटेलिजेंस एजेंसियों के बीच समन्वय को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। सीमा सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए अतिरिक्त बल, नाका-बंदी, नाइट पेट्रोलिंग, वाहनों की सघन जांच और तकनीकी सर्विलांस को विस्तार देने पर भी जोर दिया गया। गणतंत्र दिवस 2026 को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा एवं ट्रैफिक प्रबंधन पर विशेष चर्चा की गई।

## न्यूनतम तापमान में 2 तो अधिकतम में 4 डिग्री की गिरावट आई

# घने बादलों व शीतलहर ने छुड़ाई कंपकंपी, ठिठुरे लोग

**मौसम विभाग ने दो दिनों के लिए जारी किया कोहरे का ऑरेंज अलर्ट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

लगातार बदलते मौसम और घने बादलों की मौजूदगी ने सोनीपत में सर्दी के तेवर और तीखे कर दिए हैं। मंगलवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच सकीं, जिसके कारण लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास हुआ। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में आई गिरावट ने सर्द हवाओं के प्रभाव को और बढ़ा दिया। सोनीपत के सरगथल केंद्र से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं एक दिन पहले न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री और अधिकतम तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। इस प्रकार अधिकतम तापमान में 4 डिग्री तो न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की कमी दर्ज की गई है। तापमान में आई गिरावट ने मौसम को और ज्यादा सर्द बना दिया। दिनभर करीब 8 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलती रही, जिसने ठंड के असर को तेज किया।

■ 8 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली ठंडी हवाएं

### मौसम विशेषज्ञ का दावा

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव और ठंडी उत्तरी हवाओं की सक्रियता के कारण क्षेत्र में तापमान लगातार उतार-चढ़ाव का सामना कर रहा है। बादलों की मौजूदगी के कारण दिन के समय धूप न निकल पाने से अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहा, जबकि रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को दूसरे दिन एक्यूआई 148 रिकॉर्ड किया गया, जो मध्यम श्रेणी में माना जाता है। बादल, धुंध और हवा की दिशा में बदलाव के कारण प्रदूषण के स्तर में भी परिवर्तन देखा गया। सर्दियों में हवा की गति धीमी होने से प्रदूषक कण वातावरण में ज्यादा समय तक बने रहते हैं, जिससे एक्यूआई प्रभावित होता है।



**सोनीपत।** सुभाष चौक का दृश्य।

### शहर में दिनचर्या पर पड़ा असर

ठंड बढ़ने के साथ ही शहरवासियों की दिनचर्या पर भी असर पड़ा। सुबह के समय बाजारों और सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में लोगों की आवाजाही कम रही। कार्यालयों और संस्थानों में भी लोगों ने देर से निकलना ज्यादा उपयुक्त समझा। कई इलाकों में लोगों ने अलाव का सहारा लेकर ठंड से राहत पाने की कोशिश की। वहीं घरों में हीटर और गीजर के उपयोग में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों ने अधिक सर्दी का अनुभव किया। अभिभावकों ने बच्चों को अतिरिक्त ऊनी वस्त्र पहनाकर भेजा, जबकि कई स्थानों पर लोग सुबह की सैर से भी दूर नजर आए।

**ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक ठंड**

*ग्रामीण क्षेत्रों में भी ठिठुरन का असर स्पष्ट दिखाई दिया। खेतों में कार्य करने वाले किसानों ने देर से काम शुरू किया और कई जगहों पर धुंध व बादलों के कारण दृश्यता पर भी असर पड़ा। हालांकि मंगलवार को घना कोहरा नहीं रहा, लेकिन तापमान की गिरावट और ठंडी हवाओं ने सर्दी की तीव्रता को बढ़ाए रखा। इसी वजह से जिले में न्यूनतम तापमान आंकड़ों में बेशक से 6 डिग्री पर रहा हो, लेकिन वास्तविकता में तो इससे काफी कम महसूस हो रहा था।*

**फसलों की सिंचाई पर विशेष ध्यान देना होगा**

*अभी एक दिन के लिये भारी कोहरे का ऑरेंज अलर्ट है, इसके बाद वीरवार को कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। कुछ दिनों तक सर्दी ऐसे ही बढ़ेगी। किसानों को फसलों की सिंचाई पर विशेष ध्यान देना होगा।*

-डॉ. प्रेमदीप, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, जगदीशपुर।

**सावधनी बरतने की जरूरत**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने ऐसे मौसम में खास सावधानी बरतने की सलाह दी है। डॉ. जेएस पूनिया के अनुसार तापमान में अचानक गिरावट से सर्दी, खांसी, जुकाम, दमा और सांस से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं। चिकित्सकों ने सुबह-शाम ठंडी हवाओं से बचने, गुनगुना पानी पीने, गरम कपड़े पहनने और अनावश्यक बाहर निकलने से बचने की अपील की है। बुजुर्गों, छोटे बच्चों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। वहीं वाहन चालकों को भी सुबह-शाम कम दृश्यता के दौरान सावधानीपूर्वक ड्राइविंग करने के निर्देश दिए गए।

*रात के अंधेरे में शहर में निकली एनजीओ की टीम*

## गोहाना में रात को बाहर सोए लोगों को ओढ़ाए कंबल




**गोहाना।** फुटपाथों पर साते मिले लोगों में कंबल वितरित करते एनजीओ के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

ड्रीम मेकर्स एनजीओ गोहाना ने ठंड में ठिठुर रहे जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। एनजीओ की टीम को रात में जो भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोते हुए मिले उनको कंबल दिए गए।

एनजीओ की टीम रात के अंधेरे में शहर में उन लोगों की तलाश में निकली जो खुले आसमान के नीचे रात गुजारने पर मजबूर हैं। टीम रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व अन्य स्थानों पर पहुंची। टीम को जो भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे फुटपाथ पर मिले उन्हें कंबल वितरित किए गए। एनजीओ द्वारा जरूरतमंद लोगों में कंबल वितरण की यह सेवा प्रथम चरण के अंतर्गत की गई। इस सेवा के लिए मार्गदर्शन एनजीओ के संस्थापक रमेश लूथरा का रहा। संयोजन राष्ट्रीय अध्यख भारत लूथरा ने किया।

**टीम में इनका विशेष सहयोग**

इस सेवा में एनजीओ की टीम में निदेशक रोहित विज, सलाहकार बोर्ड के चेयरमैन सुमित सहगल, राहुल आहूजा, प्रिंस अरोड़ा, रोहित विज, युवराज सहगल, संजीव कत्याल, लवकेश, कृष दत्ता व सन्नी अरोड़ा ने अपना विशेष सहयोग दिया। संस्थापक रमेश लूथरा के अनुसार एनजीओ प्रत्येक वर्ष शहरों में अपनी टीमों के माध्यम से यह अभियान चलाती है।

## गोहाना के गांव महमूदुपर में महिलाओं के थैले से चोरी किए हुए तार मिले

*गोहाना। क्षेत्र के गांवों में सोलर ट्यूबवेल से तार चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इन वारदातों से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि सोलर ट्यूबवेल खेती का मुख्य साधन बन चुके हैं, लेकिन बार-बार हो रही चोरियों से उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है। गांव महमूदपुर निवासी सुरेन्द्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने खेत में बिजली का ट्यूबवेल लगा रखा है। 5 जनवरी की शाम करीब तीन बजे जब वह खेत में पहुंचा तो देखा कि ट्यूबवेल की करीब 15 फुट बिजली केबल चोरी हो चुकी थी। इसी दौरान सड़क के पास दो अजनबी महिलाएं प्लास्टिक का थैला लिए दिखाई दीं। शक होने पर ग्रामीणों की मदद से थैला चेक किया गया, जिसमें चोरी की गई बिजली के तार मिले। सुरेन्द्र ने तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दी। पुलिस को महिलाओं ने अपने नाम मेवा पत्नी सुल्तान व तारो पत्नी राजकुमार, निवासी आर्य नगर गोहाना बताए। गउधर गांव गामड़ी निवासी कुलदीप मलिक ने बताया कि 2 जनवरी को जब वह अपने सोलर ट्यूबवेल पर पहुंचा तो सोलर पैनलों के सभी तार कटे हुए मिले और दो पैनल भी तोड़े गए थे। यह सोलर सिस्टम करीब दो साल पहले लगाया गया था, जिससे उसे हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। इसी गांव के संदीप कुमार ने बताया कि 5 जनवरी को उसके सोलर ट्यूबवेल से करीब 100 फुट तार चोरी हो गया और एक सोलर प्लेट भी तोड़ दी गई। इसके अलावा पड़ोसी किसानों मनजीत, नीरज, श्रीभगवान, सहदेव व सुमित्रा देवी के ट्यूबवेल से भी 40-40 फुट तार चोरी होने की जानकारी मिली है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सोलर ट्यूबवेल से तार चोरी करने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।*

■ ट्यूबवेल तार चोरी की घटनाओं से किसान हुए परेशान

## कोहरे ने थामी ट्रेनों की रफ्तार, मालवा पौने 5, आम्रपाली एक्सप्रेस 4 घंटे रही लेट



■ जम्मूतवी, गीता जयंती, दादर, जम्मू मेल, नेताजी, ऊंचाहार, पश्चिम, दिल्ली कालका एक्सप्रेस का साढ़े 3 घंटे तक की देरी से हुआ परिचालन, कई सवारी गाड़ी भी 2 घंटे तक रही लेट

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रूट पर कोहरे के अलावा पंजाब व गाजियाबाद में इंटरलॉकिंग कार्यों के चलते मंगलवार को दर्जनभर एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन देरी से हुआ। लंबी दूरी की एक्सप्रेस, सुपरफास्ट ट्रेनों के देरी से आने के कारण सवारी गाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। दिल्ली-अंबाला रूट पर चलने वाली मालवा एक्सप्रेस 4:42 घंटे, आम्रपाली एक्सप्रेस 4:04 घंटे, जम्मूतवी 3:26 घंटे, गीता जयंती एक्सप्रेस 3 घंटे, दादर एक्सप्रेस 2 घंटे, ऊंचाहार एक्सप्रेस 2:20 घंटे, पश्चिम एक्सप्रेस 1:23 घंटे, दिल्ली कालका एक्सप्रेस 1:12 घंटे, जम्मू मेल 1:25 घंटे, नेताजी एक्सप्रेस 1:53 घंटे, 64533 सवारी गाड़ी 1:45 घंटे, 64465 सवारी गाड़ी 1:09 घंटे की देरी से सोनीपत पहुंची। वहीं अंबाला-दिल्ली रूट पर चलने वाली शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस 2:16 घंटे, गीता जयंती एक्सप्रेस 1:16 घंटे, जम्मू मेल 1 घंटा, बठिंडा एक्सप्रेस 1 घंटा, 64454 सवारी गाड़ी 1:53 घंटे की देरी से सोनीपत पहुंची।

**परिचालन की समय सारणी में सुधार किया जा रहा**

फिरोजपुर मंडल के अमृतसर, दिल्ली मंडल के गाजियाबाद यार्ड में इंटरलॉकिंग संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा कोहरे के चलते कई एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। ट्रेनों के परिचालन की समय सारणी में सुधार किया जा रहा है।

*-हिमांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे*



**सोनीपत।** विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बास्केटबॉल इंटर कॉलेज में जीता दूसरा स्थान

**सोनीपत।** मदवि द्वारा आयोजित बास्केटबॉल इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने दूसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्राओं को बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया की यह प्रतियोगिता 29 से 30 दिसम्बर तक आयोजित की गई थी। जिसमें टीकाराम गर्ल्स कॉलेज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते 32-30 के स्कोर से दूसरा स्थान हासिल किया तथा 5 छात्राओं अंकुश, पूजा, आरती, शालू व दीपांशी का चयन यूनिवर्सिटी की टीम में हुआ। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. अल्का, सविता कुहाड़ ने भी छात्राओं को बधाई दी। टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने की कामना की।

### प्रेमसुख नगर में होगा आध्यात्मिक महोत्सव

**सोनीपत।** आने वाली 11 जनवरी को मोहम्मदाबाद स्थित प्रेमसुख नगर में राष्ट्र रत्न प्रज्ञा महर्षि उपेंद्र मुनि महाराज की प्रेरणा से एक भव्य आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 11 जनवरी रविवार को महाराज की प्रेरणा से आराध्य गुरुदेव प्रेमसुख महाराज की जन्म जयंती के उपलक्ष में एक मंगलमय महायज्ञ के अनुष्ठान के बाद सिद्धियों की अधिष्ठात्री मां पद्मावती की प्रतिमा स्थापना और गुरु भागमल की प्रतिमा स्थापना भी की जाएगी। एसएस जैन सभा के प्रेस सचिव वकील जैन ने बताया कि इस आयोजन में राजकीय मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, सांसद सोनीपत सतपाल ब्रह्मचारी, दिल्ली के संघ संचालक डॉ. अनिल अग्रवाल, मोती नगर दिल्ली के विधायक हरीश मदन लाल खुराना, बावल के विधायक डॉ किशन कुमार, एमसीडी करोलबाग जोन के चेयरमैन राकेश जोशी शिरकत करेंगे।

**खेलकूद** हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई के मैदान पर दो दिनों तक चले रोमांचक मुकाबले

# नेटबॉल स्टेट चैंपियनशिप : रोहतक का दबदबा पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जीते स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई के मैदान पर पिछले दो दिनों से चल रहे रोमांचक खेल का समापन हुआ। 19वीं सीनियर हरियाणा स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला) में रोहतक की टीमों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए दोहरा खिताब अपने नाम किया।

पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में कांटे की टक्कर देखने को मिली। रोहतक और पलवल की टीमें एक-एक अंक के लिए संघर्ष करती नजर आईं, लेकिन अंततः रोहतक ने 19-15 के स्कोर के साथ जीत दर्ज कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। चैंपियनशिप में रोहतक ने स्वर्ण, पलवल ने रजत पदक हासिल किया। जींद व सोनीपत के बीच मुकाबला 18-18 अंकों पर छूटा तथा दोनों टीमों ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया। महिला वर्ग में भी रोहतक की टीम का विजय रथ जारी रहा। फाइनल मैच में मेजबान सोनीपत और रोहतक की टीम आमने-सामने थीं।

रोहतक की खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल और सटीक गोलिंग की बदौलत सोनीपत को 20-14 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

इस वर्ग में रोहतक की टीम ने स्वर्ण, सोनीपत ने रजत व कैथल व पलवल की टीम ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक जीता।



महिला और पुरुष वर्ग में विजेता रही टीम के प्रतिवादी खिलाड़ी अतिथियों के साथ।

**सभी प्रतिभागियों को बधाई दी**

समापन समारोह के मुख्य अतिथि नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव विजेंद्र सिंह दहिया ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। एसोसिएशन के महासचिव एडवोकेट सुनील राठी ने रेफरी पैनल का आभार व्यक्त किया। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार और चंडीगढ़ नेटबॉल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट विकास शर्मा, नेटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियों चेयरमैन हरिओम कौशिक और महासचिव बबिता दहिया ने भी सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।



# कार्तिक की जिंदगी में आई नई मिस्ट्री गर्ल

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन का नाम पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ जोड़ा जा रहा है। लेकिन, हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गईं कि कार्तिक आर्यन की जिंदगी में नई मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हो चुकी है। कार्तिक आर्यन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। उन्होंने सोमवार को कुछ तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कीं, जिसमें वह बीच (समंदर) किनारे आराम फरमा रहे हैं। सामने एक बीचबॉल गेम का नेट लगा है। बिल्कुल इसी तरह की लोकेशन की फोटो करीना नाम की एक लड़की ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। वह भी गोवा में छुट्टियां मना रही हैं।

लाइफ Style



# तारा

## 15 साल में शुरू की थी एक्टिंग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तारा सुतारिया बॉलीवुड की उन खूबसूरत अदाकाराओं में से एक हैं जिन्होंने छोटे पर्दे से अपना कॅरियर शुरू किया है। तारा ने काफी छोटी उम्र से ही पर्दे पर लोगों का दिल जीता है। इन दिनों तारा 'केजीएफ' स्टार यश के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर काफी चर्चा में हैं।

हाल ही में तारा सिंगर एपी ढिल्लन के कॉन्सर्ट को लेकर काफी विवादों में रहीं। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में तारा अहम भूमिका में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में तारा के किरदार का नाम रेबेका है। पोस्टर सामने आते ही तारा सुतारिया के किरदार की जबरदस्त चर्चा है जिसमें उनके हाथ में गन भी दिख रहा है। तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव है। वैसे तारा उन दर्शकों के दिलों में सालों से हैं जो डिज्नी इंडिया देखकर बड़े हुए हैं।मुंबई में पली-बढ़ीं तारा सुतारिया ने बहुत छोटी उम्र से ही म्यूजिक, डांस और थिएटर की ट्रेनिंग लेकर एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। तारा ने साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो 'बिग बड़ा बूम' में से में छोटे पर्दे पर कदम रखा था। इसके बाद साल 2011 में आई थी 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा।' साल 2012 में 'बेस्ट ऑफ लक निक्की' का भी हिस्सा रहीं तारा सुतारिया। साल 2012 कॉमेडी शो 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' में भी तारा नजर आईं। इस शो में तारा विन्नी मिश्रा यानी विनीता के किरदार में दिखीं और काफी सुर्खियां भी बटोरीं। उन्होंने साल 2013 में 'ओए जस्सी' में भी एक्टिंग की थी। इस शो में तारा ने जसप्रीत का किरदार निभाया था।

## हॉलीवुड मसाला



# जिमी ने ट्रंप का उड़ाया मजाक

**लॉस एंजिल्स।** जिमी किमेल को 'बेस्ट टॉक शो' होस्ट के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 मिला है। इस दौरान जब वह स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंचे तो अपने अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति पर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। 4 जनवरी को क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 के मंच पर जिमी किमेल ने डोनाल्ड ट्रंप को पब्लिकली धन्यवाद दिया। लेकिन, उनका अंदाज कुछ ऐसा था कि वहां ठहाके गूंजने लगे। उन्होंने अपने अवॉर्ड जीतने और टॉक शो की सफलता का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति के कामों को दिया।




# ओडेलिया की प्रिंस से जबरदस्ती हुई शादी

**लॉस एंजिल्स।** मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने मलयेशिया के प्रिंस से अपनी शादी को लेकर अब एक ऐसा बयान जारी किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। मॉडल ने बताया कि उनकी शादी उनकी मर्जी के खिलाफ थी। इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी'से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी। साल 2008 में जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं।



# फिल्मों में जबरस्त वापसी की तैयारी में...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में फिल्मों में जबरदस्त कमबैक करने की तैयारी कर ली है। कंगना ने फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए बताया है कि वो नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत फिल्मों में जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं। लंबे समय से राजनीतिक जिम्मेदारियों और फिल्मों के बीच संतुलन बनाती नजर आ रहीं कंगना ने अपनी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की और फिल्म के सेट से कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह साफ नजर आया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रोडक्शन कंपनी की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो को रीपोस्ट किया।



# हार्दिक की गर्लफ्रेंड से मिले बिग बी...

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और उनकी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो अमिताभ बच्चन के साथ नजर आ रहे हैं। हार्दिक ने बिग बी से अपनी गर्लफ्रेंड का परिचय करवाया। सभी 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट में शामिल हुए थे, जो बीती रात को मुंबई में आयोजित हुआ था। मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन की तरफ से बीती रात को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' प्रोग्राम का आयोजन हुआ। नीता अंबानी की अध्यक्षता में आयोजित इस इवेंट में क्रिकेट जगत सहित अन्य मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का परिचय अमिताभ बच्चन से करवा रहे हैं। बिग बी ने क्रिकेटर की तरफ इशारा करते हुए कुछ कहा और तीनों हंस पड़े। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

## टीवी मसाला



# स्पेस जेन चंद्रयान सीरीज में भारत का चांद तक का सफर

**नई दिल्ली।** टीवीएफ इस बार एकदम अलग हटकर वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जो इसरो, चंद्रयान, भारत के चांद तक के पहुंचने के मुश्किल सफर को दिखाती है। ये उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी है, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इस शो में नकुल मेहता से लेकर श्रिया सरन सहित कई सितारे नजर आएंगे। टीवीएफ अपनी पंचायत, कोटा फैक्ट्री, एस्पिरेंट्स सहित अन्य फेमस वेब सीरीज के लिए जाना जाता है। अब ये एक नई सीरीज लेकर आ रहा है, जिसमें भारत के चांद पर पहुंचने का एक मुश्किल सफर दिखाया जाएगा। मंगलवार, 6 जनवरी को इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। शो में श्रयि सरन, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और सौरभ द्धविदी सहित कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'स्पेस जेन चंद्रयान' के टीजर में दिखाया गया है कि जो चीज किसी ने नहीं देखी, वहां तक लिमिटेड रिसोर्स तक पहुंचना, इसरो से बेहतर किसी को नहीं आता। दुनिया को दिखाने की एक जिद कि ल्यूनर साउथ पोल तक पहुंचने वाला पहला देश भारत होगा। पर साइंटिस्टों को विफलता मिलती है। ऐसे में सवाल उठने लगते हैं कि इस नाकामयाबी के बाद चंद्रयान 3 कैसे बनाएंगे? पर आखिरी में दिखाया गया है कि इसरो भारत को एक स्पेस पावर बनाकर रहेगा। इस वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- चांद तक का सफर आसान तो नहीं था, पर भारत के लिए नामुमकिन भी नहीं था। उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी देखिए, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इसे अरुनभ कुमार ने क्रिएट किया है। डायरेक्टर अनंत सिंह हैं। कहानी को शुभम शर्मा, प्रशांत कुमार और नितिन तिवारी ने लिखा है।

## हटके होगी इस बार मास्टर शेफ की थीम



**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया 9 ने पहले ही काफी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, क्योंकि इस सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला जजिंग पैनल वापस आ गया है। शेफ विकास खन्ना, शेफ कुणाल कपूर और शेफ रणवीर बरार जज के तौर पर वापसी करने वाले हैं। इस बार शो की थीम सुनकर आप खुश होने वाले हैं क्योंकि इस बार शो में सिर्फ भारतीय व्यंजनों की ही खुशबू आने वाली है। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की डिशेज जजों के सामने परोसी जाएगी। इस बार शो की थीम 'भारत का गौरव' है। ऑडियंस को कई भारतीय क्विजिन के बारे में जानने को मिलेगा। वहीं, विदेशों में भारतीय खाने की खूबियां बताई जाएंगी। मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9, 5 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर हो रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पॉपुलर कुकिंग रियलिटी शो टैलेंट और इमोशन्स से भरे एक बिल्कुल नए सीजन के साथ वापस आने के लिए तैयार है।

# मस्ती भरा राहु-केतु का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे स्टारर 'राहु केतु'का फाइल ट्रेलर आज सामने आया है। ट्रेलर पूरा मस्ती से भरा हुआ है। जिसमें पुलकित और वरुण मस्ती करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में शालिनी पांडे भी अपनी हॉट अदाएं दिखाते दिख रहे हैं। 3 मिनट 7 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत पीयूष मिश्रा की आवाज के साथ होती है। जिसमें वो लोगों को दो लोगों के बारे में बताते हैं। जिनका परिचय देते हुए वो कहते हैं हिमाचल के शहर कुल्लू और वहां के दो उल्लू जिनका नाम राहु-केतु है। फिर पर्दे पर दिखते हैं वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट। इसके बाद दोनों की कॉमडी शुरू होती है, जिसे देखकर आपको कई मौकों पर 'फुकरे' की याद आती है। फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि वरुण और पुलकित पनौती हैं, जहां जाते हैं कुछ न कुछ गड़बड़ कर देते हैं। हालांकि, ट्रेलर को देखकर ऐसा लगता है कि इसी दौरान ये कुछ ऐसा करते हैं, जिससे भ्रष्टाचारियों का खुलासा हो जाता है। जाहिर है कि मेकर्स ने कॉमेडी के साथ-साथ एक संदेश भी देने की कोशिश की है। ट्रेलर में वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और शालिनी पांडे के अलावा बाकी कास्ट भी नजर आती है। जिसमें पीयूष मिश्रा के अलावा अमित सियाल, चंकी पांडे और मनु ऋषि जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। पीयूष मिश्रा का लुक आपको 'तमाशा'में उनके किरदार की याद दिलाता है।




# धुरंधर ने आरआरआर को भी चटाई धूल वर्ल्डवाइड कलेक्शन में मारी बाजी...

**मुंबई।** धुरंधर ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को अब तक पछाड़ दिया है। हाल ही में आरआरआर को भी कलेक्शन के मामले में इसने पीछे छोड़ दिया है। धुरंधर को बॉक्स ऑफिस पर 32 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में इस फिल्म ने हाल ही में आरआरआर जैसी सुपरहिट फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म धुरंधर के मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किए, जिसमें बताया कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,240 करोड़ रुपए कलेक्शन कर लिया है। साथ ही मेकर्स ने यह जानकारी भी साझा की कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 820.30 करोड़ रुपए कमा चुकी है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आरआरआर को भी पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के अनुसार एसएस राजामौली निर्देशित की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपए की कमाई थी। यह फिल्म साल 2022 की सबसे बड़ी हिट फिल्म थी। इस फिल्म ने आस्कर अवॉर्ड में भी अपना जलवा चलाया था, इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। फिल्म धुरंधर इस साल रिलीज हुई फिल्मों से भी वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आगे निकल चुकी है। फिल्म कांतारा चैप्टर 1 और छावा को भी इसने पछाड़ दिया है। कांतारा चैप्टर 1 ने वर्ल्डवाइड सिर्फ 900 करोड़ रुपए कमाए, वहीं छावाने वर्ल्डवाइड 809 करोड़ रुपये की कमाई थी। फिल्म धुरंधर अब वर्ल्डवाइड पुष्पा 2 के कलेक्शन को पार करने पर अपनी नजर टिकाए है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 1742 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। अगर फिल्म धुरंधर 500 करोड़ रुपए की कमाए और करती है तो शायद फिल्म पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पार सके।

## धुरंधर ने वर्ल्डवाइड पार किया 1200 करोड़ का आंकड़ा



## ऑस्कर में भारत की उम्मीदें बरकरार, 22 जनवरी को होगी पुरस्कारों की घोषणा

# अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर में पहुंची होमबाउंड

***लॉस एंजिल्स।*** *ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई ऑफिशियल फिल्म 'होमबाउंड' भारत की उम्मीदों को बनाए हुए है। क्योंकि, फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर के मतदान में पहुंच गई है। ऑस्कर की ओर से घोषणा की गई कि अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में दुनिया भर की पंद्रह फिल्में वोटिंग के अगले दौर में पहुंच गई हैं। इनमें भारत की 'होमबाउंड' के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, जॉर्डन, नॉर्वे, फिलिस्तीन, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और ट्यूनीशिया की फिल्में शामिल हैं।*



### 98 साल के इतिहास में भारत की पांचवीं फिल्म

हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट होने के साथ 'होमबाउंड' ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह अकादमी पुरस्कारों के 98 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली भारतीय सिनेमा की पांचवीं फिल्म बन गई है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा स्टारर 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में आखिरी नामांकन के लिए 15 फिल्मों में चुना गया है।

### नीरज घेवान ने किया है फिल्म का निर्देशन

नीरज घेवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' बचपन के दोस्तों शोएब (ईशान खट्टर) और चंदन (विशाल जेठवा) की कहानी है। जिनका पुलिस बल में शामिल होने का सपना उनके जीवन को आकार देता है। जाह्नवी कपूर ने दोस्ती, कर्तव्य और युवा भारत के सामने आने वाले दबावों पर आधारित इस कहानी में अहम भूमिका निभाई है।

### ये फिल्में भी हुईं चयनित

'मबाउंड के अलावा चयनित हुई फिल्मों में बेलेन (अर्जेंटीना), द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील), इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट (फ्रांस), साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी), द प्रेसिडेंट्स केक (इराक), कोकुहो (जापान), ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन), सेंटीमेंटल वैल्यू (नॉर्वे), पैलेस्टाइन 36 (फिलिस्तीन), नो अदर चॉइस (दक्षिण कोरिया), सिरात (स्पेन), लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड), लेफ्ट-हैंडेड गर्ल (ताइवान) और द वॉइस ऑफ हिंद रजब (ट्यूनीशिया) शामिल हैं। इस बारे में अकादमी अवॉर्ड्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी साझा की। अकादमी पुरस्कारों के लिए आखिरी नामांकन की घोषणा गुरुवार 22 जनवरी को की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### वेनेजुएला पर भाजपा सरकार का रुख शर्मनाक : आनंद

**सोनीपत।** सोनीपत,भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला सोनीपत के सचिव आनंद



शर्मा ने बयान जारी करते हुए कहा कि वेनेजुएला के खिलाफ नंगे हमले और उसके राष्ट्रपति तथा उनकी पत्नी का अमरीकी सशस्त्र बलों द्वारा अपहरण किए जाने पर, भाजपा सरकार की प्रतिक्रिया कायरतापूर्ण है और राष्ट्रों की स्वतंत्रता तथा संप्रभुता की हिमायत करने के भारत के लंबे समय से चले आते रुख को देखते हुए उपयुक्त नहीं है।

### 190 मरीजों की जांच, 17 का होगा ऑपरेशन

**सोनीपत।** दी महाराजा अग्रसेन समिति द्वारा 41वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर अग्रवाल धर्मशाला, गुड़ मंडी, सोनीपत में आयोजित किया गया। शिविर में दिल्ली स्थित वेणु आई इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की गहन जांच की। शिविर में कुल 190 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 17 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। इन सभी मरीजों को आज ही निःशुल्क ऑपरेशन हेतु दिल्ली भेजा गया।



### साइबर क्राइम : निजी जानकारी गोपनीय रखें

**गोहाना।** जीआरपी द्वारा मंगलवार को रेलवे स्टेशन पर साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत यात्रियों व आम नागरिकों को साइबर क्राइम से बचाव बारे जरूरी जानकारी दी गई। जीआरपी चौकी गोहाना के इंचार्ज एसआई बलवान सिंह ने कहा कि आज साइबर क्राइम काफी बढ़ गया है। रोजाना अनेक लोग साइबर ठगी का शिकार बन रहे हैं।

### मॉडल संस्कृति स्कूल में लगा एनएसएस शिविर

**गन्नौर।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन विद्यार्थियों को मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। आयुष विभाग में कार्यरत योग सहायक धीरज कुमार व पूजा के नेतृत्व में योगाभ्यास से विद्यार्थियों को आसन, प्राणायाम, यौगिक क्रियाएं और शारीरिक व्यायाम का अभ्यास करवाया गया।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**खरखौदा।** खंड के प्राथमिक शिक्षकों (पीआरटी) के लिए फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी (एफएलएन) के अंतर्गत रेमेडियल टीचिंग विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खरखौदा में किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राठी ने किया। उद्घाटन सत्र में उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए एफएलएन के लक्ष्यों एवं रेमेडियल शिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में 90 प्रतिभागियों ने भाग ले रहे हैं।

---

### जिले के सभी खंडों के राजकीय विद्यालयों में प्रारंभ की प्रशिक्षण कार्यशाला

# शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

- डीईओ ने कार्यशाला का निरीक्षण कर की व्यवस्थाओं की जांच
- 700 से अधिक प्राथमिक शिक्षक कर रहे हैं प्रशिक्षण प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

**विशेषज्ञ दे रहे शिक्षकों को ज्ञान**



**सोनीपत।** गढ़ी ब्राह्मणान स्थित राजकीय विद्यालय में कार्यशाला के निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को जानकारी देती जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना, साथ हैं खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान व एफएलएन के जिला संयोजक मनोज वर्मा। फोटो : हरिभूमि

जिला के सभी सात खंडों में बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान के तहत शीतकालीन अवकाश के चलते प्राथमिक शिक्षकों के लिए, दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना, खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान व डायट प्राचार्य मंजू गर्ग ने रायमा विद्यालय, गढ़ी ब्राह्मण में चल रही कार्यशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच की। एफएलएन के जिला संयोजक मनोज वर्मा ने बताया कि कार्यशाला राजकीय विद्यालय, गन्नौर में एक साथ तीन समूहों में, राजकीय कन्या विद्यालय, गोहाना में एक साथ दो समूहों में, कथूरा में रामावि, गुढ़ा में एक समूह, खरखौदा के बीआरसी कार्यालय में दो समूह में आयोजित की गई है।

**दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ**

कार्यशाला के निरीक्षण के दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना ने बताया कि जिले के सभी प्राथमिक अध्यापकों के लिए निदेशालय की ओर से दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ की गई। जिसका उद्देश्य शिक्षा में पिछड़ रहे विद्यार्थियों के लिए अलग रणनीति बनाना, किस तरह से उनका स्तर अन्य विद्यार्थियों के समकक्ष लाया जाए, ताकि उनका पढ़ाई का स्तर उच्च बनाया जा सके, इस पर शिक्षकों को विस्तृत जानकारी देना है। शिविर में डायट के वरिष्ठ प्राध्यापक अनिल मलिक, प्रवक्ता विनीता, जैस्मीन कौर मौजूद रहे।

**एक साथ चार समूह शिक्षकों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण**

इसके अलावा मुंडलाना में राजकीय विद्यालय खंडराई में दो समूहों में, राई में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय बीसवां मील में एक साथ चार समूहों व खंड सोनीपत के राजकीय विद्यालय, गढ़ी ब्राह्मणान में एक साथ चार समूह शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां एक साथ करीब 700 से अधिक प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

---



गन्नौर। सरपंच संवाद में विधायक कादियान हलके के सरपंचों को संबोधित करते हुए।

--:: सरपंच संवाद कार्यक्रम ::--

# हर गांव तक पहुंचेगा विकास: विधायक

- सरपंच संवाद में विधायक कादियान बोले- गांवों का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित सरपंच संवाद कार्यक्रम में गन्नौर ब्लॉक की अधिकांश पंचायतों के सरपंच और प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे विधायक देवेंद्र कादियान ने सरपंचों से सीधा संवाद कर गांवों से जुड़ी समस्याओं और विकास प्रस्तावों पर चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआत में सरपंच एसोसिएशन की ओर से विधायक कादियान का पगड़ी और बुके भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद एसोसिएशन ने गांवों की प्राथमिक जरूरतों को लेकर लिखित मांग पत्र सौंपा। विधायक कादियान ने सरपंचों को आश्वस्त किया कि सभी गांवों में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे और विकास योजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विधायक ने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी है और गांवों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर सरपंच को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा और विकास कार्यों में पारदर्शिता रखी जाएगी। अधिकारियों को भी पंचायत स्तर के कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान विधायक देवेंद्र कादियान ने सरपंचों के साथ लंच कर अनौपचारिक संवाद भी किया। इस मौके पर सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सरपंच मेहर सिंह एवं उपप्रधान ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

---

# अंकिता भंडारी हत्याकांड के विरोध में आप ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आम आदमी पार्टी द्वारा अंकिता भंडारी हत्याकांड के विरोध में आज जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर पुतला दहन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष रणबीर छिक्कारा और प्रत्याशी चयन कमेटी के चेयरमैन विमल किशोर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए आरोप लगाया कि सरकार इस जघन्य हत्याकांड में आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। जिला अध्यक्ष रणबीर छिक्कारा ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिलती, आम आदमी पार्टी चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने यह भी मांग की कि मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो तथा पीड़ित परिवार को न्याय मिले। पार्टी ने स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े ऐसे मामलों में सरकार की लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम आदमी पार्टी लगातार आवाज़ उठाती रहेगी।



**ये रहे मौजूद**

आम आदमी पार्टी के विकास दहिया, अंकुश त्यागी, लोकसभा सचिव राजेश सरोहा, नरेश कौशिक, सुनील दहिया, रामबीर सिंह, राहुल शर्मा, शेर मोहम्मद, अजय टोंक, सतीश कुमार, विनोद शर्मा, विजय सेतिया, गगन शर्मा, सार्थक, सुरेश चावला, योगेश पाल आदि कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हत्यारोपी सुरेंद्र दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**गन्नौर।** राजपुर गांव में दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत एसआइ 60 वर्षीय दिव्यांग दलबीर की हत्या के मामले में थाना बड़ी पुलिस राजपुर गांव के सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित वारदात के बाद से फरार चल रहा था। मंगलवार को आरोपित सुरेंद्र को पुलिस ने अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। एसीपी ऋषिकांत ने बताया कि पुलिस पूछताछ में हत्या के कारणों का भी खुलासा हुआ है। पूछताछ में सामने आया है कि वारदात वाली रात सुरेंद्र पहले दलबीर के साथ शराब पीकर गया था, लेकिन कुछ देर बाद वह दोबारा वापस आया। इसी दौरान दोनों के बीच एक दूसरे का नाता बड़ा होने को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर झगड़ा हुआ और मारपीट के दौरान सुरेंद्र ने दलबीर की ही बैसाखी से दलबीर पर कई वार कर दिए, जिससे दलबीर सिर पर गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# सुरक्षित निवेश और साइबर धोखाधड़ी से बचाव को लेकर किया जागरूक

- एसआरके स्किल सेंटर में वित्तीय साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर





गन्नौर। मुख्य वक्ता डॉ. निशा खुराना का सेंटर संचालक जोगिंदर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

डिजिटल युग में बढ़ती ऑनलाइन गतिविधियों और साइबर अपराधों के मद्देनज़र विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से एसआरके स्किल सेंटर, गन्नौर में वित्तीय साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुरक्षित निवेश, धन प्रबंधन और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक किया। मुख्य वक्ता डॉ. निशा खुराना का सेंटर संचालक जोगिंदर ने स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. निशा खुराना ने विद्यार्थियों को सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी फ्रॉड, ऑनलाइन स्कैम और डिजिटल ठगी से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिक मुनाफे के लालच में बिना जानकारी निवेश करना भविष्य में गंभीर नुकसान का कारण बन सकता है। ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई लेन-देन और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर जोर दिया। डॉ. खुराना ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि आज के समय में सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। इस दौरान 132 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

---



### नगर निगम ठेका सफाई कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

**सोनीपत।** सोनीपत नगर निगम में कार्यरत ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ, सहयोग बलि सेना तथा शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन के सहयोग से सफाई कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि ठेके पर कार्यरत सफाई कर्मियों को आए दिन नौकरी से निकाला जा रहा है, पूरा वेतन नहीं दिया जा रहा और ईएसआई व ईपीएफ भी नियमित रूप से जमा नहीं कराया जा रहा। प्रधान मुकेश टांक ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के साथ लगातार अनदेखी की जा रही है, जिसके कारण उनके परिवार आर्थिक और सामाजिक असुरक्षा का सामना कर रहे हैं।प्रधान अजय टांक ने कहा कि हरियाणा सरकार ठेका सफाई कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि न तो वेतन बढ़ाया जा रहा है, न नौकरी सुरक्षा की गारंटी मिल रही है और न ही स्थायी रोजगार का भरोसा दिया जा रहा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। साथ ही कहा गया कि यदि आंदोलन के दौरान शहर में गंदगी फैलती है, तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन और शासन की होगी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल रहे, जिनमें मुकेश कर्मा, रविंद्र, युधिष्ठिर, सुरेश, रितेश, नवीन चांवरिया, पवन, अमित, सोनू, निर्मला, बबली, आरती, माया, सुनीता सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### कौशल बोध कार्यक्रम संपन्न

**सोनीपत।** गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार में आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस एक दिवसीय कार्यशाला में विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों तथा शैक्षिक नवाचारों को सुदृढ़ करना था। सत्रों के दौरान शिक्षकों को छात्र-केंद्रित शिक्षण, प्रभावी कक्षा प्रबंधन तथा 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण रणनीतियों से अवगत कराया गया। कार्यशाला का संचालन संसाधन व्यक्तियों डॉ. किरण दलाल एवं नितिन खंडेलवाल द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन में आयोजित सत्र अत्यंत प्रभावी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा, जिससे शिक्षकों को अपने शिक्षण कौशल को और अधिक सशक्त बनाने का अवसर मिला।

### मुंडलाना में 52 लाख से बनेंगे सीएचसी के नए भवन

**गोहाना।** गांव मुंडलाना में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के नए भवनों का निर्माण करवाया जाएगा। भवनों के निर्माण पर 52 लाख रुपये खर्च होंगे। मंगलवार को बरोदा हलका से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप सांगवान ने नारियल फोडक़र सीएचसी के नए बनने वाले भवनों का शिलान्यास किया। प्रदीप सांगवान के अनुसार सीएचसी में नए भवनों का निर्माण 52 लाख रुपए की लागत से 4 महीने के अंदर पूरा हो जाएगा। नई इमारतों के बनने के बाद ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। प्रदीप सांगवान ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार विकास कार्यों के लिए पर्याप्त ग्रांट दे रही है। बरोदा हलका में विकासकार्यों के लिए ग्रांटों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस मौके पर भाजपा मुंडलाना मंडल अध्यक्ष इंद्रपाल शामड़ी, सरपंच शिवनारायण सिंह, सीएचसी के एसएमओ डॉ. सुमित मलिक, डॉ. संदीप, डॉ. मनीष,डॉ. सीमा,योगेश, जेई अमित मलिक, रामेश्वर लठवाल, जयभगवान और मास्टर सूबे सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



सीएचसी के नए बनने वाले भवनों का शिलान्यास करते हुए पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### चतुर्दशी का व्रत कर गणेश भगवान की पूजा की




**गन्नौर।** महिलाओं ने माघ महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी का व्रत रखकर भगवान गणेश की विधिवत आराधना की और परिवार में सुख-समृद्धि, शांति व मंगलकामनाओं की प्रार्थना की। श्रद्धालु महिलाओं ने सुबह से ही व्रत रखकर गणपति बप्पा का ध्यान किया। पंडित तेज प्रकाश शास्त्री ने बताया कि माघ महीने की कृष्ण पक्ष की गणेश चतुर्दशी का विशेष महत्व है। इस तिथि को संकट चौथ, तिल चौथ एवं वक्रतुंडी चतुर्दशी के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान गणेश की पूजा करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और घर में सुख, शांति व समृद्धि का वास होता है। पंडित ने बताया कि यह व्रत संतान की लंबी आयु, परिवार की खुशहाली और आर्थिक उन्नति के लिए रखा जाता है।उन्होंने बताया कि सायंकाल शुभ मुहूर्त में गणपति की मूर्ति या चित्र स्थापित कर विधिवत पूजा की जाती है। पूजा में दूर्वा, लाल फूल, सिंदूर, तिल के लड्डू, गुड़, मोदक एवं फल अर्पित किए जाते हैं।

### शहीद उदमी राम गेट का होगा सौंदर्यीकरण



**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने नारियल तोड़कर शहीद उदमी राम गेट के सौन्दर्यकरण की शुरुआत की। बारह लाख रूपये की लागत से होने वाले सौंदर्यकरण में गेट के ऊपर धौलपुर पत्थर तथा लाइट लगाई जाएंगी। राजीव जैन ने बताया कि बलिदानी उदमी राम ने सबसे पहले अंग्रेजों को लगान देने से मना किया था। जब लगान वसूलने के लिए तीन अंग्रेज अधिकारी बहालगढ़ पहुंचे तो उदमीराम नंबरदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर तीनों अंग्रेजों की हत्या कर दी थी। अंग्रेजों ने उदमी राम एवं उसके साथियों की हत्या कर इस गांव को उजाड़ दिया था। जैन ने बताया कि लिवासपुर के 22 युवकों की मौत का गवाह वह खूनी कोल्हू आज भी देवीलाल पार्क में रखा हुआ है।

### दिवंगत जवान के परिजनों को दी आर्थिक सहायता



**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने ड्यूटी के दौरान बीमारी के कारण स्वर्गवासी हुए पुलिस जवान सिपाही सोमबीर के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी पत्नी रेणु देवी को आर्थिक सहायता के रूप में 11 लाख का चेक प्रदान किया। यह सहायता राशि सोनीपत पुलिस की ओर से जारी की गई। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं पूर्वी ज़ोन प्रबीना पी, पुलिस उपायुक्त क्राइम नरेंद्र कादयान, सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजीत सिंह, एकाउंटेंट एएसआई सुरेन्द्र सहित अन्य अधिकारी और पुलिस कर्मी मौजूद रहे। पुलिस आयुक्त ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि दिवंगत जवान का योगदान पुलिस संगठन के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। स्वर्गवासी सिपाही सोमबीर जींद के गांव अहीरका के निवासी थे और चौकी मुण्डलाना, जिला सोनीपत में तैनात थे। उनकी सेवा अवधि 8 वर्ष 6 माह रही। वे ब्रेन ट्यूमर बीमारी से ग्रस्त थे। 30 नवंबर 2025 को निधन हो गया।

---

**सियासत** | कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष और इनेलो जिला अध्यक्ष ने दी प्रतिक्रिया

# भाजपा पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए एक मंच पर आया विपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सामाजिक कार्यकर्ता एवं न्याय युद्ध मंच के संस्थापक देवेंद्र गौतम ने स्पष्ट किया कि उनके विरुद्ध दर्ज किया गया मुकदमा पूरी तरह मनगढ़ंत, झूठे आरोपों पर आधारित और सत्ता के दबाव में रचा गया एक सोचा-समझा षड्यंत्र है। देवेंद्र गौतम ने बताया कि जिस घटना को आधार बनाकर थाना सेक्टर-27 में मुकदमा दर्ज किया गया है, वह पूरा घटनाक्रम वीडियो रिकॉर्डिंग में सुरक्षित है। मौके पर नगर निगम की टीम जेसीबी मशीन लेकर आई थी, जो सार्वजनिक सड़क पर खड़ी थी। न मशीन पर नंबर प्लेट थी और न ही चालक के पास लाइसेंस मौजूद था। ऐसे में केवल जनहित में निगम

**अधिकारियों से सवाल पूछे गए**

क्या जेसीबी चालक के पास वैध लाइसेंस है? क्या मशीन के सभी दस्तावेज पूरे हैं? सार्वजनिक सड़क पर मशीन खड़ी होने से दुर्घटना होने पर जिम्मेदारी किसकी होगी? उन्होंने कहा कि यह सभी सवाल मौके पर मौजूद पुलिस व वरिष्ठ निगम अधिकारियों की उपस्थिति में पूछे गए थे। इसके बावजूद 24 दिन बाद राजनीतिक दबाव में नगर निगम के सहायक अभियंता द्वारा थाना सेक्टर-27 में झूठी शिकायत दी गई और पुलिस ने बिना समुचित जांच के मुकदमा दर्ज कर लिया। देवेंद्र गौतम ने कहा कि आज देश में हालात ऐसे बनाए जा रहे हैं कि जनता की आवाज़ उठाने वालों को अपराधी साबित किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष कमल दीवान, इंडियन नेशनल लोकदल के जिला अध्यक्ष कुणाल गहलोत, सोनीपत के पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार सहित कई सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



पत्रकावार्ता में देवेंद्र गौतम, कमल दिवान, सुरेंद्र पंवार, कुणाल गहलावत।

**संविधान को कमजोर करने की कोशिश**

कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष कमल दीवान ने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को लोकतांत्रिक तरीके से आवाज़ उठाने का अधिकार देता है, लेकिन आज उसी संविधान को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं। राहुल गांधी जी लगातार देशभर में इसी तानाशाही सोच के खिलाफ आवाज़ उठा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र गौतम पर दर्ज किया गया मुकदमा इसी संविधान-विरोधी मानसिकता का परिणाम है। कांग्रेस पार्टी इस लड़ाई में देवेंद्र गौतम के साथ मजबूती से खड़ी है और किसी भी कीमत पर लोकतांत्रिक आवाज को दबने नहीं देगी।

**अधिकार को खत्म करना चाहती है सरकार**

पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार ने कहा कि यह मामला सिर्फ देवेंद्र गौतम का नहीं, बल्कि हर उस नागरिक का है जो सरकार से सवाल पूछने का साहस करता है। संविधान हमें विरोध और सवाल करने का अधिकार देता है, लेकिन भाजपा सरकार उस अधिकार को खत्म करना चाहती है। देवेंद्र गौतम ने शनि मंदिर अंडरपास, जलभराव और गंदगी से जूझते सोनीपत की आवाज़ सरकार तक पहुंचाई और बदले में उन्हें एफआईआर थमा दी गई।

**मांगें पूरी तरह जनहित से जुड़ी हुई**

इंडियन नेशनल लोकदल के जिला अध्यक्ष कुणाल गहलोत ने कहा कि न्याय युद्ध मंच के संयोजक देवेंद्र गौतम की सभी मांगें पूरी तरह जनहित से जुड़ी हुई हैं। इनमें कोई निजी, राजनीतिक या आर्थिक स्वार्थ नहीं है। सरकार आज उन लोगों से डर रही है जो बिना सत्ता के जनता की आवाज़ बन रहे हैं। इनेलो न सिर्फ देवेंद्र गौतम के साथ खड़ी है, बल्कि इस लोकतांत्रिक संघर्ष को हर मंच पर मजबूती से उठाएगी।

# वीबी-जी रामजी योजना श्रमिकों के कल्याण की दिशा में ऐतिहासिक कदम : बड़ौली

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी रामजी योजना को लेकर जानबूझकर भ्रम और दुष्प्रचार फैला रही हैं। जबकि यह योजना श्रमिकों के कल्याण और गांवों के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। मंगलवार को रेलवे रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सोनीपत में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बड़ौली ने कहा कि यूपीए शासनकाल में मनरेगा का उद्देश्य टिकाऊ और स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण न होकर केवल खानापूर्ति तक सीमित रह गया था। उस दौर में यह योजना भ्रष्टाचार, फर्जी परियोजनाओं और धन की लूट का माध्यम बन गई थी। बड़ौली ने ''जीरामजी'' योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मोदी सरकार ने रोजगार गारंटी को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन किया है, जिससे श्रमिकों की वार्षिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण एवं उपस्थिति प्रणाली से फर्जी श्रमिकों, डुप्लीकेट जॉब कार्ड और फर्जी भुगतान पर रोक लगेगी।

### श्रमिकों को 10 हजार का अतिरिक्त लाभ

बड़ौली ने कहा कि रोजगार दिवस बढ़ने से देश में एक ग्रामीण अकुशल श्रमिक की औसत आय में करीब 7,000 रुपये की वृद्धि होगी, जबकि हरियाणा में यह लाभ कम से कम 10,000 रुपये होगा, क्योंकि यहां न्यूनतम मजदूरी दर देश में सर्वाधिक 400 रुपये प्रतिदिन है। उन्होंने बताया कि पंजाब में न्यूनतम मजदूरी मात्र 339 रुपये है, इसी तरह हिमाचल प्रदेश में मात्र 236 रुपये प्रतिदिन है। मोहन लाल बड़ौली ने कहाकि जियो-टैगिंग एवं सैटेलाइट इमेजरी के माध्यम से प्रत्येक परिसंपत्ति को आईएसआरओ के 'भुवन पोर्टल' पर अपलोड किया जाएगा, जिससे फर्जी परियोजनाओं की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ''वीबी-जीरामजी'' योजना को चार प्रमुख क्षेत्रों जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संसाधन और जलवायु संरक्षण में केंद्रित किया गया है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विजेंद्र नेहरा, मेयर राजीव जैन, वरिष्ठ नेता देवेंद्र कौशिक, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, त्रिभुवन कौशिक, सुनीता लोहचब, नरेश वर्मा, सुरेंद्र मदान, नीरज खापरा, नरेंद्र भारतीय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



सोनीपत। पत्रकारवार्ता के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल, साथ में मेयर राजीव जैन, वरिष्ठ नेता देवेंद्र कौशिक एवं अन्य।

## स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा का बताया महत्व

सोनीपत। पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुरथल अड्डा में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का मंगलवार को छठा दिन रहा। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, सह संयोजक नरेंद्र भारती, प्रवक्ता राजकुमार कटारिया, मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुमन बाला शर्मा ने की। मोहनलाल बड़ौली ने स्वयंसेविकाओं को जीवन में शिक्षा, सेवा भावना, समाज सेवा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की रीढ़ की हड्डी होती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को प्रमाणपत्र भी वितरित किए। शिविर की शुरुआत स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संगीता व पूनम के नेतृत्व में योगाभ्यास व सरस्वती वंदना प्रस्तुत करके की। दर्शना कुमारी ने स्वयंसेविकाओं को योग के महत्व से अवगत कराया। साथ ही जल, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। दूसरे चरण में टीकाराम महाविद्यालय की सेवानिवृत्त उप प्राचार्य डॉ. अनीता ने स्वयंसेविकाओं को ध्यान करवाकर विद्यार्थी जीवन में ध्यान के महत्व की जानकारी दी।



सोनीपत। सोनीपत के मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस शिविर के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, प्राचार्य सुमन बाला शर्मा, स्टाफ सदस्यों के साथ मौजूद स्वयंसेविकाएं।

## खबर संक्षेप



### पैरा शूटिंग की गोल्ड मेडलिस्ट ने रक्तदान किया

खरखौदा। पैरा शूटिंग नेशनल चैंपियनशिप की गोल्ड मेडलिस्ट कविता पांचाल ने खेल के मैदान में देश का मान बढ़ाने के साथ-साथ मानवता के मैदान में भी एक और स्वर्णिम उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने 8 वीं बार रक्तदान कर यह सिद्ध कर दिया कि सच्चा विजेता वही होता है, जो अपनी सफलता को समाज सेवा से जोड़ता है।

### विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



सोनीपत। फाजिलपुर में बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंगलम्-सारथी फाउंडेशन एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में एक स्मार्ट स्पोर्ट्स मीट का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में मंगलम्-सारथी फाउंडेशन द्वारा संचालित संस्कार केंद्र के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। स्पोर्ट्स मीट के दौरान बच्चों के लिए लेमन रेस, 100 मीटर एवं 50 मीटर दौड़, जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। स्पोर्ट्स मीट के पश्चात विजेता बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया।

## नगर निगम : वार्डबंदी के बाद आज संपन्न होगी आरक्षण प्रक्रिया

# पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे वार्ड

1. सभी की निगाहें चुनाव पर टिकी, तैयारी में जुटे अधिकारी, सियासी गलियारों में सियासी हलचल तेज
2. लघु सचिवालय में आज होगी मूल्यांकन समिति की बैठक, सभी अधिकारी होंगे शामिल
3. सोनीपत नगर निगम में वार्डों की संख्या 20 से बढ़ाकर 22 की, करीब 4,05,275 है क्षेत्र की आबादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नए साल में शहर की मौजूदा सरकार का कार्यकाल पूरा होने के साथ सभी की निगाहें नगर निगम चुनाव पर टिकी हैं। निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल शुरू हो चुकी है। वार्डों में पार्षद पद के लिए नए-नए चेहरे भी अभी से अपनी तैयारी में जुट गए हैं। नगर निगम की नई वार्डबंदी के तहत अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग (ए वर्ग में 2 व बी वर्ग में एक) व महिला वर्ग की 8 सीटों के लिए वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया बुधवार को संपन्न हो जाएगी। नगर निगम की ओर से 7 जनवरी को लघु सचिवालय में मूल्यांकन समिति की बैठक होगी। बैठक में सुबह 11 बजे वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। नगर निगम के मेयर व पार्षदों का 7 जनवरी को कार्यकाल पूरा हो जाएगा। ऐसे में निगम चुनाव को लेकर वार्डबंदी के लिए 26 दिसंबर को अधिसूचना जारी कर दी गई थी।



सोनीपत। सोनीपत के रेलवे रोड स्थित नगर निगम कार्यालय में लोगों की शिकायत सुनते मेयर राजीव जैन, मौजूद कई पार्षद।

### महत्वपूर्ण बिंदुओं पर होगी चर्चा

सोनीपत निगम चुनाव को लेकर क्षेत्र में 20 के बजाय 22 वार्ड प्रस्तावित किए गए हैं। प्रदेश सरकार की ओर से 26 दिसंबर 2025 को सोनीपत नगर निगम की वार्डबंदी के अंतिम आदेश जारी किए जा चुके हैं। सरकार की अधिसूचना के तहत नगर निगम क्षेत्र के कुल वार्डों में से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति महिला, पिछड़ा वर्ग ए, पिछड़ा वर्ग बी महिला, महिला व सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किए जाने वाले वार्डों की संख्या पहले ही निर्धारित की जा चुकी है। इनमें 4 सीट अनुसूचित जाति, 3 पिछड़ा वर्ग ए व बी, 8 सीट महिला वर्ग व अन्य सामान्य वर्ग को आरक्षित की जानी है। अब कुल सीटों पर आरक्षण प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से 7 जनवरी को मूल्यांकन समिति की बैठक बुलाई गई है। बैठक में वार्ड अनुसार आरक्षण से संबंधित कार्यवाही की जाएगी। साथ ही अधिसूचना का प्रारूप हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार करने सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी।

### 5 साल में करीब 64 हजार बढ़ गई आबादी

सोनीपत नगर निगम क्षेत्र में 5 साल के अंदर करीब 64 हजार लोगों की आबादी बढ़ गई है। नगर निगम की ओर से 5 साल पूर्व 20 वार्डों में 3,40,919 आबादी दर्शाई गई थी, जबकि वर्तमान में निगम क्षेत्र की जनसंख्या बढ़कर करीब 4,05,275 हो गई है। इनमें 83,000 पिछड़ा वर्ग (ए), 20,953 पिछड़ा वर्ग (बी) जनसंख्या है, जबकि अनुसूचित जाति वर्ग की जनसंख्या 59,224 है। ऐसे में वार्ड की संख्या बढ़ाकर 20 से 22 की गई है।

### अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश

लघु सचिवालय में 7 जनवरी को होने वाली बैठक में नगर निगम आयुक्त, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम के प्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी व कर्मचारी शामिल होंगे। प्रशासन की ओर से अधिकारियों व कर्मचारियों को समय पर बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया को पारदर्शी व समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जा सके। वहीं शहरी स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक ने बैठक में कार्यवाही रिपोर्ट हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं के साथ वीडियोग्राफी भी करवाने के निर्देश दिए हैं।

### मेयर पद के लिए 22 को होगा ड्रा

सोनीपत, पंचकूला व अंबाला में से एक मेयर सीट बीसी-बी महिला के लिए आरक्षित होनी है। वर्तमान में तीनों सीट सामान्य श्रेणी की हैं। करीब 10 माह पहले सोनीपत नगर निगम के उप चुनाव में भाजपा से राजीव जैन ने विजय प्राप्त कर मेयर पद संभाला था। अब सोनीपत में नगर निगम में मेयर पद सामान्य वर्ग में शामिल रहेगा या रिजर्व हो जाएगा, इस पर 22 जनवरी को पंचकूला में ड्रा करवाकर फैसला होगा। हालांकि इससे पहले 1 व 15 दिसंबर को प्रशासनिक कारणों के चलते दो बार ड्रा की तिथि स्थगित हो चुकी है।

## राजपुरा माइनर अनदेखी की शिकार

# सफाई के बाद पटरी पर ही छोड़ रहे कबाड़, किसान परेशान



गन्नौर। बड़ी गांव के समीप राजपुरा माइनर से कबाड़ को निकाल कर पटरी पर डला हुआ ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण राजपुरा माइनर की सफाई में कोताही बरती जा रही। किसानों का आरोप है कि माइनर की सफाई के दौरान निकाला गया कबाड़, गाद और कचरा माइनर की पटरी पर ही छोड़ दिया जा रहा है। किसान नेता जय भगवान मालिक ने बताया कि राजपुरा माइनर से जुड़े दर्जनों गांवों की खेती इसी माइनर पर निर्भर है। समय-समय पर माइनर की सफाई न होने से पहले ही पानी की आपूर्ति बाधित रहती है, लेकिन अब जो सफाई हो रही है, उसमें अनदेखी बरती जा रही है। सफाई के बाद गाद और झाड़-झंखाड़ को हटाने के बजाय माइनर की पटरी पर डाल दिया जा रहा है, किसानों का कहना की बरसात होने पर पटरी पर डाला गया कबाड़ माइनर में ही चला जाएगा। किसानों का कहना है कि सिंचाई विभाग के कर्मचारियों से शिकायत की जाती है, तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। किसानों ने मांग की है कि माइनर की सफाई बेहतर ढंग से करवाई जाए । सफाई के दौरान निकाली गई गाद और कबाड़ को माइनर से दूर सुरक्षित स्थान पर डलवाया जाए, ताकि दोबारा माइनर में गिरने की संभावना न रहे।

### बैठक में प्रशासन से करेंगे जांच की मांग : मालिक

किसान नेता जय भगवान मालिक ने बताया कि राजपुरा माइनर में बरती जा रही सफाई में कोताहि की शिकायत मासिक बैठक के माध्यम से प्रशासन से करेंगे। उन्होंने कहा कि सफाई में कोताहि किसानों द्वारा बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

### अंकनाद पहाड़े प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

गोहाना। लोकमान्य तिलक अंकनाद पहाड़े प्रतियोगिता के पर्व-5 में गांव गढ़ी सराय नामदार खां स्कूल की छात्राओं और शिक्षक ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। कक्षा पांचवीं के वर्ग में छवि ने प्रथम और तमन्ना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि ओपन ग्रुप में शिक्षक सुनील भावा ने राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के चंडीगढ़ आवास पर सम्मान समारोह में तीनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षाक विभाग के सहायक निदेशक कुलदीप मेहता, मप एपिक कम्युनिकेशन के निदेशक निर्मिती नामजोशी व मंदार नामजोशी रहे।

### मुरथल विवि कर्मचारी संघ के प्रधान बने सुरेश पुट्ठी

सोनीपत। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल परिसर में मंगलवार को कर्मचारी संघ के उप प्रधान पद के लिए चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चुनाव से पहले कर्मचारी संघ के प्रधान सुरेश पुट्ठी, महासचिव सचिन दहिया, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, कार्यालय सचिव प्रीति, संगठन सचिव पवन सैनी, प्रचार सचिव शंभू दयाल निर्विरोध रूप से निर्वाचित हुए। उप प्रधान पद के लिए कराए गए मतदान की मतगणना उपरांत प्रवेश त्यागी ने भूपेंद्र को कुल 44 मतों से हराकर अपनी जीत दर्ज कराई। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कर्मचारियों ने प्रवेश त्यागी को जीत की बधाई दी। साथ ही प्रधान सुरेश पुट्ठी ने सभी कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की सभी जायज मांगों को प्रभावी रूप से पूरा करवाने के लिए अथक प्रयास किए जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### आरआरटीएस डिपो के लिए जल्द चिन्हित करें जमीन : उपायुक्त

सोनीपत। जिला में आरआरटीएस डिपो के लिए जमीन चिन्हित करने को लेकर मंगलवार को सोनीपत के लघु सचिवालय में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने की। श्री ढेसी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। जिला में आरआरटीएस डिपो बनाने के लिए जमीन चिन्हित की जानी है, जिसकी लंबाई 1300 मीटर व चौड़ाई 300 मीटर के आसपास होनी है। वीसी के उपरांत उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने डीडीपीओ, डीटीपी, ईओ, बीडीपीओ व नायब तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द जरूरत के अनुसार जमीन को चिन्हित कर जमीन उपलब्ध कराएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले की सभी सड़कों के गड्ढों को भी जल्द से जल्द भरने का कार्य करें।

मार्केट न्यूज

### बत्रा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में गुर्दा रोगियों के लिए अति-विशिष्ट चिकित्सा केंद्र आरंभ



सोनीपत। बत्रा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रंगोली ग्रीन, सेक्टर-16, सोनीपत, में आज गुर्दा रोगियों के लिए एक अति-विशिष्ट चिकित्सा केंद्र का आरंभ किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन सोनीपत के उपायुक्त श्री सुशील सारवन (IAS) एवं डॉ. ज्योत्सना, सिविल सर्जन द्वारा किया गया। यह केंद्र बत्रा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं आकाश हॉस्पिटल, द्वारका के बीच हुए एक अनुबंध के अंतर्गत स्थापित किया गया है। इस अनुबंध के अनुसार आकाश हॉस्पिटल के वरिष्ठ गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रम कालरा (DM नेफ्रोलॉजी, AIIMS) एवं डॉ. अनुपम राय (DNB नेफ्रोलॉजी) इस केंद्र में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इस विशेष केंद्र में जर्मनी से आयातित अत्याधुनिक 5 डायलिसिस मशीनें स्थापित की गई हैं। इनमें एक विशेष मशीन ऐसी भी है, जिसमें हेपेटाइटिस-B से पीड़ित मरीजों को भी सुरक्षित डायलिसिस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस केंद्र में गुर्दों से संबंधित बीमारियों के इलाज के साथ-साथ पेशाब की नली, थैली एवं किडनी स्टोन (पथरी) के ऑपरेशन लेजर एवं दूरबीन विधि द्वारा किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, इनअंगों में दुर्भाग्यवश होने वाले कैंसर के उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। यदि किसी मरीज को किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है, तो उन्हें भी इस केंद्र के माध्यम से उचित मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर डॉ. रमेश बत्रा ने बताया कि यह केंद्र आर्थिक रूप से कमजोर एवं निर्धन मरीजों को भी विशेष आर्थिक सहायता प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह में उपायुक्त श्री सुशील सारवन (IAS) एवं डॉ. ज्योत्सना, सिविल सर्जन ने इस केंद्र की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और इसे क्षेत्र के मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## अंकित मल्होत्रा बने विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन के ग्रामीण जिला सहसंयोजक

- भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। जिला सहसंयोजक नियुक्त होने पर अंकित मल्होत्रा का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत करते शहर के लोग।

पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी अंकित मल्होत्रा को भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) का जिला सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों ने अंकित मल्होत्रा को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। अंकित मल्होत्रा लंबे समय से सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। पूर्व पार्षद के रूप में उन्होंने जनहित से जुड़े अनेक कार्य किए हैं। विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा आजीविका के नए साधन विकसित करना है। जिला सहसंयोजक नियुक्त होने पर अंकित मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज एवं गन्नौर विधायक देवेन्द्र कादियान का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हरीश वाधवा, पूर्व पार्षद हरीश मदान, प्रवेश मदान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सुविधा | श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ, 20 दिसंबर से ट्रायल, अब रोजाना चलने को हरी झंडी

# तोहफा : सालासर के लिए रोज सुबह 10 बजे नियमित बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के श्रद्धालुओं को अब राजस्थान के सालासर धाम जाने के लिए सीधी बस सेवा मिल सकेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने मंगलवार को सोनीपत बस अड्डे से सोनीपत-सालासर रूट पर चलने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं की मांग पर सोनीपत रोडवेज विभाग ने इस रूट पर 20 दिसंबर से ट्रायल के तौर पर बस सेवा शुरू की थी। 15 दिनों के सफल संचालन के बाद इसे नियमित करने का निर्णय लिया गया। मोहनलाल बड़ौली ने मंगलवार को औपचारिक रूप से बस को सालासर धाम के लिए रवाना किया।



सोनीपत। सोनीपत के बस अड्डा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली का पौधा भेंट कर स्वागत करते रोडवेज विभाग के महाप्रबंधक संजय कुमार।

### भक्तों का इंतजार खत्म

मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि श्रद्धालुओं की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए सालासर धाम तक बस सेवा शुरू की गई है। सोनीपत से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सालासर धाम दर्शन के लिए जाते हैं, लेकिन सीधी बस सुविधा न होने के कारण उन्हें रोहतक या भिवानी से बस बदलनी पड़ती थी। इससे श्रद्धालुओं को परेशानी झेलनी पड़ती थी। अब सीधी बस सेवा से श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलेगी।

### एक दिन बाद वापस लौटने का मिलेगा विकल्प

फिलहाल सोनीपत-सालासर रूट पर प्रतिदिन एक ही बस चलाई जा रही है। सालासर धाम के लिए बस सोनीपत बस अड्डे से सुबह 10 बजे अपनी यात्रा प्रारंभ कर रोहतक, भिवानी व लोहारु होते हुए सालासर धाम पहुंचेगी। बस का रात को सालासर में ही ठहराव रहेगा। अगले दिन सुबह करीब 5 बजे श्रद्धालुओं को लेकर बस सोनीपत के लिए वापस रवाना होगी। इससे श्रद्धालुओं को एक दिन दर्शन के बाद वापस बस से सोनीपत लौटने का विकल्प मिल सकेगा। ठंड के मौसम को देखते हुए फिलहाल बस का समय सुबह 10 बजे रखा गया है। मौसम परिवर्तन के बाद बस सेवा के समय में बदलाव किया जा सकता है। इससे पहले सोनीपत रोडवेज विभाग के महाप्रबंधक संजय कुमार ने मोहनलाल बड़ौली का पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता राजकुमार कटारिया, राजेश दहिया, रोडवेज विभाग से दीपक, सुरेंद्र, कर्मबीर, देवेंद्र मान, प्रमोद दहिया मौजूद रहे।